समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026


# महिंद्रा और यूनो मिंडा भारत मे बंनाएंगे Rare Earth Magnet, चीन पर निर्भरता खत्म करने की तैयारी शुरू।

Publisher
Published on 11 Jul 2025



**EV मोटर्स से लेकर डिफेसं सिस्टम तक जरूरी Rare Earth Magnet के लिए भारत मे लोकल मैन्युफैक्चरिंग शुरू करने जा रही महिंद्रा और यूनो मिंडा, आत्मनिर्भर भारत की दिशा मे बंड़ा कदम।**

**भारत मे मंहिंद्रा और यूनो मिंडा** बनाएंगे **Rare Earth Magnet,** चीन पर निर्भरता खत्म करने की तैयारी। भारत में **इलेक्ट्रिक व्हीकल** और **अत्याधुनिक तकनीक** के क्षेत्र में **आत्मनिर्भर** बनने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। देश की प्रमुख ऑटो कंपनी **महिंद्रा एंड महिंद्रा** और **ऑटो कंपोनेटं** निर्माता **यूनो मिंडा** भारत में ही **Rare Earth Magnet** (रेयर अर्थ मैग्नेट) का निर्माण शुरू करने जा रहे हैं।

### क्यों जरूरी है Rare Earth Magnet?

**Rare Earth Magnet** आधुनिक टेक्नोलॉजी का अहम हिस्सा हैं। इनका उपयोग:
१. **इलेक्ट्रिक व्हीकल की मोटर्स,**
२. **स्मार्टफोन,**
३. **कंप्यूटर,**
४. **MRI मशीन,**
५. **डिफेसं सिस्टम आदि मे होता है।**

अभी तक भारत इनकी आपूर्ति के लिए **90% चीन** पर निर्भर था। **अप्रैल 2025** में चीन द्वारा इन मैग्नेट्स के निर्यात पर रोक लगाने से दुनिया भर में सप्लाई चेन में संकट खड़ा हो गया था। अमेरिका और यूरोप को तो सप्लाई मिलनी शुरू हो गई, लेकिन

भारत अभी भी वेटिंग लिस्ट में है।

### महिंद्रा और यूनो मिंडा की साझेदारी

१. **महिंद्रा ने भारी उद्योग मंत्रालय के साथ बैठक मे भारत मे Rare Earth Magnet के लोकल मैन्युफैक्चरिंग का प्रस्ताव रखा है।**
२. **कंपनी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के लिए स्थायी सप्लाई सुनिश्चित करना चाहती है।**
३. **महिंद्रा अब तक दो नई इलेक्ट्रिक SUV लॉन्च कर चुकी है और भविष्य मे भी EV सेगमेटं मे अंपनी मौजूदगी मजबूत करना चाहती है।**
४. **यूनो मिंडा भी इस क्षेत्र मे निवेश कर भारत को चीन की सप्लाई चेन पर निर्भर होने से बचाना चाहती है।**

### भारत मे आत्मनिर्भर बनने की योजना

सरकारी सूत्रों के मुताबिक, भारत में **Rare Earth Magnet** के पूरी तरह आत्मनिर्भर बनने में 1-2 साल का समय लग सकता है।

सरकार इस दिशा में तेजी से काम कर रही है और कंपनियों को **सब्सिडी** व **इंसेटिंव** देने के लिए नई योजनाएं बना रही है ताकि घरेलू उत्पादन जल्द से जल्द शुरू हो सके।

### EV और डिफेसं सेक्टर के लिए गेम चेजंर

१. **अगर भारत मे Rare Earth Magnet का निर्माण शुरू हो जाता है, तो इससे इलेक्ट्रिक व्हीकल सेक्टर और डिफेसं इंडस्ट्री को बहुत फायदा होगा।**
२. **EV इंडस्ट्री को स्थायी और सस्ती सप्लाई मिलेगी।**
३. **डिफेसं सिस्टम मे भी आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।**
४. **चीन से निर्भरता कम होने से भारत की सप्लाई चेन मजबूत होगी।**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.